


रन बनाने हैं जरूरीः मदन लाल

न्यूजीलैंड ने यह लक्ष्य 14.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। मदन लाल ने कहा, यह दुर्भाग्य की बात है लेकिन इन दोनों मैचों में भारतीय टीम सामान्य से अधिक आतुर दिखी। अगर आप रन नहीं बनाते हैं तो मैच में आपके लिए मौके कम हो जाते हैं। 111 का लक्ष्य तभी बचाया जा सकता था अगर कोई चमत्कार हो जाता। भारतीय टीम को दोनों मैचों में बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा है। उसके पास कोई जवाब नहीं था। इस फॉर्मेट में अगर आप शुरुआत में ही बढ़त नहीं बनाते हैं तो वापसी मुश्किल हो जाती है।

## जताना क्या चाहते हैं, रोहित शर्मा लेफ्ट आर्म बोलिंग नहीं खेल सकते?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और पूर्व ऑलराउंडर मदन लाल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजी क्रम पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ अहम मुकाबले में रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर बैटिंग करवाना और लोकेश राहुल और ईशान किशन के साथ पारी की शुरुआत करने का फैसला समझ से परे है। रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली 8 विकेट की हार के बाद भारतीय टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता मिला लेकिन टीम 7 विकेट पर 110 रन ही बना सकी। गावस्कर ने कहा, मुझे नहीं पता कि क्या यह असफल होने का डर था लेकिन बैटिंग ऑर्डर में उन्होंने जो भी बदलाव किए वे सही साबित नहीं हुए। रोहित शर्मा कमाल के बल्लेबाज हैं और उन्हें तीसरे नंबर पर भेजना? कोहली ने खुद नंबर 3 पर कितने रन बनाए हैं, लेकिन वे चौथे नंबर पर बैटिंग करने गए। ईशान किशन जैसे युवा खिलाड़ी से पारी की शुरुआत की गई।

# ऐसा लग रहा था सिर्फ न्यूजीलैंड ही मैच खेलने उतरा

## विराट कोहली की टीम पर भड़के पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम के रवैये से बेहद हैरान नजर आए। भारतीय टीम को रविवार को खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2021 के मुकाबले में 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अख्तर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ इस करो या मरो के मुकाबले में विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम की कड़ी आलोचना की।

भारतीय कप्तान विराट कोहली टॉस हारे और उसके बाद लगातार दूसरी बार टीम को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता मिला। हालांकि टॉप ऑर्डर एक बार फिर रन बनाने में नाकामयाब रहा। इसका नतीजा यह हुआ कि दुबई इंटरनैशनल स्टेडियम पर हुए इस मुकाबले में भारतीय टीम सात विकेट पर 110 रन ही बना सकी।




इसके बाद गेंदबाज भी प्रभावित नहीं कर सके। कीवी बल्लेबाजों ने संयम और धैर्य से बल्लेबाजी की। उन्होंने जल्दबाजी नहीं दिखाई और आसानी से मुकाबला 8 विकेट से जीत लिया। न्यूजीलैंड की भी दो यह मैचों में पहली जीत थी। कीवी टीम को अपने पहले मैच में पाकिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर अख्तर ने भारतीय टीम की रणनीति पर जमकर आलोचना की। अख्तर ने कहा, भारतीय टीम का कोई गेमप्लान नहीं था। अख्तर ने कहा, ऐसा लगता ही नहीं था कि भारतीय टीम मैच खेलने उतरी है। ऐसा लगता था कि सिर्फ न्यूजीलैंड ही खेलने के लिए आया है।

अख्तर ने कहा, मुझे समझ नहीं आता कि वह किसी माइंडसेट और रवैये के साथ उतरे। रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर क्यों खेले। उन्होंने ईशान किशन के साथ पारी की शुरुआत क्यों नहीं की?

हार्दिक पंड्या, पारी में बहुत देर से बोलिंग करने आए। उन्हें पहले बोलिंग करवानी चाहिए थी। मुझे समझ नहीं आया कि आखिर इंडिया का क्या गेम प्लान था। अख्तर ने कहा, भारतीय मीडिया ने टीम पर बहुत ज्यादा दबाव बना रखा था। ऐसे में मुझे लगता था कि यह कहीं न कहीं फंसेंगे और यह फंसे।

इसके साथ ही रावलपिंडी एक्सप्रेस ने कहा, टॉस भी भारतीय टीम के पक्ष में नहीं गया। पहले बल्लेबाजी करने पर गेंद बल्ले पर ढंग से आता नहीं है इसके साथ ही बाद में बोलर्स के लिए भी कोई मदद नहीं होती। न गेंद स्विंग होती है और न ही उसे पिच से कोई मदद मिलती है।

# टीम इंडिया बाहर या सेमीफाइनल की उम्मीदें हैं बाकी, अब क्या करना होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को आइसीसी विश्व कप के लगातार दूसरे मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। रविवार 31 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया को 8 से हार मिली। इससे पहले पाकिस्तान से भी 10 विकेट से टीम इंडिया को हार मिली थी। इन दो लगातार हार के बाद भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है। वैसे पूरी तरह से अब भी भारतीय टीम टूर्नामेंट से बाहर नहीं हुई है। रविवार को भारतीय बल्लेबाजी पूरी तरह से नाकाम रही और महज 110 रन के स्कोर तक ही पहुंच पाई। न्यूजीलैंड ने बड़ा आसानी से

### भारत को बड़े अंतर से जीतने होंगे तीनों मैच

14.3 ओवर में 2 विकेट खोकर ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस करो या मरो के मुकाबले में भारतीय टीम के हार से राह मुश्किल हो गई। वहीं न्यूजीलैंड के सेमीफाइनल की डगर इस जीत के बाद आसान हो गई।

अब आगे भारत को अफगानिस्तान, स्काटलैंड और नामीबिया के खिलाफ खेलना है। 3 नवंबर को अफगानिस्तान से, 5 नवंबर को स्काटलैंड और 8 नवंबर को नामीबिया के खिलाफ यह मुकाबले खेले जाएंगे। इन तीनों मैच में भारत को कम से कम 70 रन से जीत हासिल करने की जरूरत है जिससे नेट रन रेट के मामले में परेशानी नहीं आए।

**उलटफेर की करनी होगी उम्मीद**

भारत के पहुंचने की उम्मीद तभी बन सकती है जब क्वालीफायर खेलकर सुपर 12 में पहुंची नामीबिया और स्काटलैंड की टीम न्यूजीलैंड को हराने में कामयाब हो। इस वक्त जो समीकरण तैयार हो रहा है उसके लिहाज से भारत तीन मैच जीतकर 6 अंकों तक पहुंच सकता है। अफगानिस्तान को भारत हराए और वह न्यूजीलैंड से भी हार जाए तो 4 अंकों पर रह जाएगी। न्यूजीलैंड की टीम अफगानिस्तान को हरा दे और फिर स्काटलैंड या नामीबिया से हार जाए तो वह अधिकतम 6 अंकों पर रहेगी। इन सबके बाद भी अगर भारतीय टीम नेट रन रेट में न्यूजीलैंड से बेहतर हुई तभी आगे पहुंच पाएगी।

## टैलंट अलग बात है पर नहीं दिखा वह जज्बाः गौतम गंभीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भारतीय टीम का सफर लगभग समाप्त हो गया है। रविवार को भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी गौतम गंभीर ने टीम पर कड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अहम मुकाबलों में टीम का प्रदर्शन कमजोर दिखा। उन्होंने टीम की मानसिक दृढ़ता पर भी सवाल उठाए। गंभीर टीम इंडिया के प्रदर्शन से काफी निराश नजर आए। पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, टैलंट एक अलग चीज है और आप द्विपक्षीय सीरीज में अच्छा खेल सकते हैं लेकिन जब बात इस तरह के मैचों और इस तरह के टूर्नमेंट की आती है तो आपको अच्छा प्रदर्शन करना होता है। बात सीधी सी है। गंभीर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, श्यह भारतीय टीम के लिए क्वॉर्टर फाइनल मैच की तरह था। हम कई दिनों से इस बारे में बात कर रहे थे। हम जानते थे कि क्या समस्या है। यहीं आपकी टीम की मानसिक दृढ़ता नजर आती है। आप एक द्विपक्षीय सीरीज में जाते हैं तो बात अलग होती है। वहां गलती करने और वापसी करने की गुंजाइश होती है।

## न्यूज डायरी



### उदास भारतीयों के दिल पर केविन पीटरसन ने लगाया मरहम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भारतीय टीम का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। भारत को अपने शुरुआती दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। भारत को पहले मैच में पाकिस्तान ने 10 विकेट से हराया और उसके बाद रविवार, 31 अक्टूबर को उसे न्यूजीलैंड के हाथों शिकस्त मिली। इस हार के बाद भारतीय फैंस को बड़ी निराशा है। इस बीच इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी केविन पीटरसन ने हिंदी में ट्वीट कर भारतीय खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया है। पीटरसन ने ट्वीट किया, खेल में एक विजेता और एक हारने वाला होता है। कोई भी खिलाड़ी हारने के लिए बाहर नहीं जाता है। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना सबसे बड़ा सम्मान है। कृपया महसूस करें कि खेल के लोग रोबोट नहीं हैं और उन्हें हर समय समर्थन की आवश्यकता है। रविवार को दुबई में न्यूजीलैंड ने भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। मजबूत समझ जाने वाली भारतीय टीम 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 110 रन ही बना सकी।

### कभी–कभी आपको ब्रेक की जरूरत होती हैः जसप्रीत बुमराह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। कोविड–19 वैश्विक महामारी के चलते जो बायो–बबल बनाया गया है उसमें रहने की थकान का असर अब भारतीय टीम पर नजर आने लगा है। खिलाड़ी लगातार छह महीने से घर से बाहर हैं और लगातार खेल रहे हैं। इसका असर टीम इंडिया पर पड़ रहा है। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली हार के बाद यह बात कही। भारतीय टीम को ग्रुप 2 के अपने मैच में न्यूजीलैंड के हाथ आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा इसके बाद वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर खिसक गई है। भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें काफी कम हो गई हैं। उसके तीन मैच बाकी हैं लेकिन उन्हें जीतने के बाद भी अंतिम चार में उसका पहुंचना बहुत मुश्किल है। खिलाड़ी इस साल अप्रैल से हुए इंडियन प्रीमियर लीग के पहले चरण से ही लगातार बायो–बबल में हैं। भारत ने आईपीएल के दूसरे चरण से पहले इंग्लैंड का दौरा किया था।

### स्पिनर ने कहा मां देख रही होगी, कुछ गलत हुआ तो बहुत मुश्किल होगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। न्यूजीलैंड के लेग स्पिनर ईश सोढ़ी से एक पत्रकार ने हिंदी में जवाब देने को कहा तो उन्होंने एक मजेदार जवाब दिया। भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2021 के मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकार ने ईश सोढ़ी से अलग परिस्थितियों और पिचों पर गेंदबाजी में खुद को ढालने को ढालने के बारे में सवाल पूछा। सोढ़ी से सवाल पूछने वाले पत्रकार ने ईश सोढ़ी ने सवाल पूछने के बाद उनसे मजाक में कहा कि क्या वह इसका जवाब हिंदी में दे सकते हैं। सोढ़ी मूल रूप से पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं। वह चार साल के थे जब उनका परिवार न्यूजीलैंड शिफ्ट हो गया था। सोढ़ी ने हिंदी पर अपनी पकड़ के बारे में कहा, श्मेरी हिंदी पर यहां सबकी नजर होगी, सर। मुझे लगता है कि अगर मेरी मां यह देख रही होगी और अगर मैंने कुछ जरा सा भी गलत बोल दिया तो वह मुझे इस बारे में बहुत डांटेगी। तो, इस बार में इंग्लिश में जवाब देता हूं लेकिन उम्मीद करता हूं कि मैं अपनी हिंदी को बेहतर कर लूंगा।

### हमारे खेल में साहस नजर नहीं आया : विराट कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। न्यूजीलैंड से आठ विकेट से हार के बाद टी20 विश्व कप सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने की कगार पर खड़ी भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली ने कहा कि उनके खिलाड़ी बल्ले और गेंद दोनों से साहस का प्रदर्शन नहीं कर सके। कोहली ने लगातार दूसरी हार के बाद कहा ,'' यह बहुत अजीब है। मुझे नहीं लगता कि हम बल्ले या गेंद से अपने खेल में साहस दिखा पाये । हमने रन ज्यादा नहीं बनाये लेकिन उसे बचाने के लिये भी साहस के साथ नहीं उतरे।''